Publication: Hindustan	Page No: 03
Edition : Print	Date: 16th January 2025

epaper
हिन्दुस्तान

Share Copy url Save Font Size Image Image Text Listen

जेबीएफ 15 स्टार्टअप का किया चयन

16/01/2025

दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में शामिल जुबिलेंट के अधिकारी। ● हिन्दुस्तान

गजरौला, संवाददाता। जुबिलेंट भरतिया फाउंडेशन (जेबीएफ) ने सामाजिक प्रभाव वाले 15 स्टार्टअप्स का चयन किया है। इम्पैक्ट क्वेस्ट प्रोग्राम के तहत भारत के 11 राज्यों के विभिन्न क्षेत्रों से इन स्टार्टअप्स को चुना गया। इस पहल के तहत 15 जनवरी से दिल्ली में दो दिवसीय बूट कैंप आयोजित होरहा है। जिसमें इंडस्ट्री विशेषज्ञ इन स्टार्टअप्स को व्यावहारिक प्रशिक्षण और मार्गदर्शन देंगे। इसके बाद नौ महीने तक शुरुआती इन्क्यूबेशन और एक्सीलेटर प्रोग्राम आयोजित होंगे। बुधवार देर शाम जुबिलेंट में निदेशक जनसंपर्क सुनील दीक्षित ने जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम में जुबिलेंट भरतिया समूह के फाउंडर और को चेयरमैन एवं डायरेक्टर, जुबिलेंट भारतिया फाउंडेशन हरि एस भरतिया ने कहा है कि भारत की बड़ी सामाजिक चुनौतियां और सहयोगी तंत्र इसे बढ़ावा देने के लिए एक अनुकूल वातावरण प्रदान करते हैं। भारत को न सिर्फ 2028 तक दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने में मदद करेगा, बल्कि 2047 तक एक विकसित राष्ट्र और 2070 तक नेट जीरो कार्बन वाले देश के लक्ष्य को हासिल करने में भी अहम भूमिका निभाएगा। उन्होंने कहा, हमें अपनी पहल भारत इंपैक्ट को लांच कर गर्व महसूस हो रहा है। यह जुबिलेंट भारतिया फाउंडेशन के